

NHS England



# वालप्रोएट लेने वाली महिलाओं और अन्य लोगों के लिए दवा की समीक्षाओं के बारे में सूचना पत्रक





Hindi




## यह सूचना पत्रक किस बारे में है?


यह सूचना पत्रक वालप्रोएट लेने वाले 55 वर्ष से कम आयु के किसी भी व्यक्ति के लिए लाभ और जोखिम के बारे में है। यह आपको वालप्रोएट शुरू करने या लेने के बारे में अपने विशेषज्ञ से बात करने में आपकी सहायता करने के लिए है। वालप्रोएट को कभी-कभार एपिलिम या डेपाकोट भी कहा जाता है। वालप्रोएट का उच्चारण वाल-प्रो-एट है।





मिर्गी (दौरे या फिट) या बाइपोलर डिसऑर्डर और अन्य स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं के इलाज के लिए वालप्रोएट बहुत प्रभावी हो सकता है। यह सामान्य रूप से आने वाली फिट या दौरे कि तादाद को कम करने के लिए सबसे अच्छी दवा है।





आपके विशेषज्ञ आपको अच्छी तरह से जीवन बिताने और सुरक्षित रहने के लिए सर्वश्रेष्ठ दवा के बारे में बताएगे। कभी-कभी कुछ लोग दौरे या फिट के कारण बहुत बीमार हो सकते हैं और कुछ लोगों की अचानक मृत्यु हो सकती है (जिसे SUDEP, अर्थात् मिर्गी के कारण अचानक अनपेक्षित मृत्यु (Sudden Unexpected Death in Epilepsy) के रूप में जाना जाता है)।




आपके विशेषज्ञ आपसे और आपके देखभालकर्ताओं, परिवार या अभिवक्ता से आपकी वालप्रोएट दवा के लाभों और जोखिमों के बारे में बात करेगे। वे आपको SUDEP और आपके स्वास्थ्य संबंधित अन्य जोखिमों के बारे में बताएंगे।





यदि आप गर्भावस्था के दौरान वालप्रोएट लेती हैं तो इससे आपके बच्चे को स्वास्थ्य संबंधित समस्याएं हो सकती हैं।




वालप्रोएट शिशु के शरीर और मस्तिष्क के विकास को प्रभावित कर सकता है। शिशु के मस्तिष्क के विकास में समस्या होने की 30-40% संभावना हो सकती है।

इसका अर्थ यह हो सकता है कि उन्हें सीखने संबंधित विकलांगता या ऑटिज्म है या वे एकाग्र नहीं रह सकते या स्थिर रूप से बैठ नहीं सकते हैं (ADHD)।



## मुझे अपनी वालप्रोएट दवा की समीक्षा की आवश्यकता क्यों है?


यदि आप वालप्रोएट लेते हैं तो इससे शिशुओं में स्वास्थ्य संबंधित समस्याएं हो सकती हैं। यदि आपकी आयु 55 वर्ष से कम है तो आपको हर वर्ष अपने विशेषज्ञ की मुलाकात लेने के लिए कहा जाएगा। इसे दवा की समीक्षा कहा जाता है।



यदि आपके पास हेल्थकेयर पासपोर्ट है, तो अपने विशेषज्ञ को वह दिखाएं। इससे उन्हें आपकी सहायता करने में मदद मिलेगी।




आपकी दवा के बारे में किसी भी निर्णय में आपको शामिल होना चाहिए। आप अपने विशेषज्ञ से मुलाकातों के वक्त किसी भी व्यक्ति को अपने साथ ले जा सकते हैं जैसे कि आपके परिवार का सदस्य, देखभालकर्ता, मित्र, अधिवक्ता या कोई अन्य व्यक्ति जो आपको अपने विचार व्यक्त करने में मदद कर सके।



याद रखें आपके विचार सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। यदि आपको कुछ समझ में न आए तो हमेशा प्रश्न करे। यदि आपको लगता कि आप अपने शरीर और अपने जीवन से जुड़े निर्णयों में सम्मिलित नहीं हैं तो बताएं।





आपके विशेषज्ञ आपसे पूछेगे कि क्या आप गर्भवती होने की योजना बना रही हैं या आपको नहीं लगता कि आप गर्भवती होंगी। वे जांचेंगे कि क्या वैल्प्रोएट अभी भी आपके लिए सर्वश्रेष्ठ दवा है या नहीं। आपको विशेषज्ञ से प्राप्त वार्षिक जोखिम अभिस्वीकृति फॉर्म (एनुअल रिस्क एक्नॉलेजमेंट फॉर्म, ARAF) भरने के लिए कहा जाएगा। आपको ARAF की एक प्रति दी जाएगी।



## मुझे नहीं लगता कि मैं गर्भवती होंगी

यदि आपको और विशेषज्ञ को नहीं लगता कि आप गर्भवती होंगी, तो वे ARAF पर इसके कारण सहित इसे लिखेगे।


# मैं गर्भवती हो सकती हूं



यदि आपको और आपके विशेषज्ञ को लगता है कि आप गर्भवती हो सकती हैं, तो वे हर साल आपसे मुलाकात करेगे। आप अपनी मिर्गी या बाइपोलर डिसऑर्डर के बारे में चर्चा करेगे और जांच करेंगे कि वालप्रोएट अभी भी आपके लिए सर्वश्रेष्ठ दवा है या नहीं। वे जांचेंगे कि आप इसे लेने के लिए सहमत हैं या नहीं।




यदि आपकी आयु 55 वर्ष से कम है और आप गर्भवती हो सकती हैं, तो यदि दो विशेषज्ञ इस बात पर सहमत हों कि वालप्रोएट आपके लिए सर्वश्रेष्ठ दवा है तो इसका उपयोग किया जा सकता है। आपको कॉयल या गर्भनिरोधक प्रत्यारोपण जैसे गर्भनिरोधक पर विचार करना होगा। आप अपने विकल्पों के बारे में परामर्श के लिए पूछ सकते हैं।





यदि आप गर्भवती हो सकती है, तो आपके विशेषज्ञ आपसे चर्चा करेगे कि क्या आपके लिए वालप्रोएट जितनी अच्छी अन्य कोई दवा हो सकती है या नहीं।





वालप्रोएट के बजाय कोई ऐसी दवा बदलना जो शायद उतनी अच्छी तरह काम न करे, या इसे जल्दी से बदलना, आपके दौरे या स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं को बदतर बना सकता है। कुछ लोगों को अस्पताल जाना पड़ सकता है और कुछ लोगों की मृत्यु भी हो सकती है।

# मैं गर्भवती होने की योजना बनाने के बारे में सोच रही हूं




यदि आप गर्भवती होने की योजना बना रहे है, तो अपने डॉक्टर से बात करना बहुत महत्वपूर्ण है। गर्भवती होने से पहले वे आपको या आपके बच्चे को होने वाले किसी भी जोखिम को कम करने के लिए हर संभव प्रयास करने में आपकी मदद कर सकते हैं।



यदि आप गर्भवती हो जाती हैं तो आपको जल्दी से अपने डॉक्टर को इसके बारे में बताना चाहिए। यह महत्वपूर्ण है कि आप अपने विशेषज्ञ से बात किए बिना वालप्रोएट दवा लेना बंद न करें क्योंकि यह जोखिमी है।



यदि आप गर्भवती होती है और आपको पड़ते हैं या फिट आती हैं तो यह महत्वपूर्ण है कि इन्हें जितना हो सके उतना रोका जाए। बहुत अधिक दौरे पड़ने से शिशुओं के शरीर और मस्तिष्क के विकास पर असर पड़ सकता है। कभी-कभी दौरे और SUDEP (मिर्गी के कारण अचानक अनपेक्षित मृत्यु) के कारण महिलाओं और अजन्मे शिशुओं की मृत्यु हो जाती है।



मिर्गी से पीड़ित बहुत सी महिलाओं की गर्भावस्था का समय अच्छी तरह बीतता है, लेकिन यह असुरक्षित भी हो सकता है। कुछ महिलाएं गर्भवती हुए बिना ही, बच्चे को गोद लेकर मां बन जाती हैं।




# आगे की जानकारी

आप निम्न पर से इस पत्रक का पीडीएफ डाउनलोड कर सकते हैं और अधिक जानकारी पा सकते हैं:

**southeastclinicalnetworks.nhs.uk/valproate**



आप अपने फोन के कैमरे को **इस क्यूआर कोड** की ओर इंगित करके भी इसे स्कैन कर सकते हैं।

यह पत्रक अलग-अलग अन्य भाषाओं में भी डाउनलोड करने के लिए उपलब्ध है।


# आभारोक्ति

इस पत्रक में योगदान देने वाले मिर्गी और मानसिक स्वास्थ्य दोनों स्थितियों संबंधित अनुभव वाले विशेषज्ञों के साथ-साथ दक्षिण पूर्व क्षेत्र और उससे आगे के क्षेत्र के सभी चिकित्सकों का आभार।

हम विशेष रूप से Active Prospects, ProActive Community members, SUDEP Action, और My Life My Choice, जिन्होंने हमारे साथ मिलकर इस पत्रक को बनाया हैं, उनके योगदान के लिए आभारी हैं।

‘Easy-on-the-i’ images copyright © Leeds and York Partnership NHS Foundation Trust.

CS57039 NHS Creative 2024